**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 01.08.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को वर्ष 2026–27 से 2030–31 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है।
2. सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय की ओर से आज चिड़ियाटापू जैविक उद्यान में वर्षावन पक्षी अवलोकन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।
3. सांसद, बिष्णु पद रे ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से चिकित्सा केंद्रों की व्यापक समीक्षा करने का अनुरोध किया।
4. राष्ट्रमंडल खेलों में जूडो में भारत ने पहली बार दो स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा।

<><><><><><><>

मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को वर्ष 2026–27 से 2030–31 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस योजना के लिए पांच वर्षों की अवधि में कुल 3 लाख 15 हजार करोड़ रुपये का वित्तीय आवंटन स्वीकृत किया गया है। श्री वैष्णव ने कहा पीएम–किसान योजना के माध्यम से, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण प्रणाली द्वारा पात्र किसान परिवारों को समय पर और पारदर्शी आय सहायता प्रदान की जा रही है। मंत्रिमंडल ने 2026–27 से 2030–31 की अवधि के लिए 36 हजार 4 सौ 41 करोड़ रुपये के संयुक्त परिव्यय के साथ विस्तारित खेलो इंडिया योजना और राष्ट्रीय खेल संघों को दी जाने वाली सहायता में वृद्धि को भी मंजूरी दे दी है।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय की ओर से आज चिड़ियाटापू जैविक उद्यान में वर्षावन पक्षी अवलोकन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। पर्यावरण एवं वन विभाग के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य पारिस्थितिकी पर्यटन को बढ़ावा देना और द्वीपसमूह की समृद्ध पक्षी विविधता एवं प्राचीन वर्षावन पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति जागरूकता पैदा करना है। इसमें भाग लेने के अन्य इच्छुक

प्रतिभागी सुबह साढ़े सात बजे जैविक उद्यान में सीधे शामिल हो सकते हैं। पक्षी अवलोकन यात्रा आठ बजे शुरू होगी।

<><><><><><><>

चेन्नई मुख्यालय द्वारा दक्षिण भर्ती क्षेत्र के अधीन भारतीय सेना की ओर से चलाए जा रहे अभियान दिल्ली टू द्वीप 2.0 के तहत द्वीपसमूह में अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। वर्ष 2026–27 के लिए ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा उर्त्तीण उम्मीदवार इस रैली में भाग ले सकते हैं। उम्मीदवारों से प्रवेश पत्र www.joinindianarmy.nic.in से डाउनलोड करने को कहा गया है। यह भर्ती रैली 23 से 26 अगस्त तक नेताजी स्टेडियम में होगी।

<><><><><><><>

डॉ. एस. राधाकृष्णन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, गाराचरमा में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अस्थाई वरीयता सूची आज दिन में 11 बजे सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल के अलावा और संस्थान के नोटिस बोर्ड पर दर्शा दी जाएगी। इस संबंध में दावे और आपत्तियाँ 4 अगस्त शाम 5 बजे तक  संस्थान के ई–मेल पर या सीधे जमा किए जा सकते हैं। अंतिम वरीयता सूची 6 अगस्त शाम 3 बजे प्रकाशित की जाएगी। मानविकी विषय के लिए 12 अगस्त और विज्ञान विषय के लिए 13 अगस्त को परामर्श सत्र आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने कल न्यू बिम्बलीटान और कामराज नगर में पशुपालकों को उनके घर–घर जाकर पशु पुष्टि किट और हाइब्रिड नेपियर स्टेम कटिंग्स का वितरण किया। इस किट का वितरण वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्सा अस्पताल गाराचरमा की ओर से किया गया। इसके तहत जिन किसानों के पशुओं में भ्रुण स्थानांतरण प्रौद्योगिकी की प्रक्रिया अपनाई गई थी, उन्हें कुल 5 पशु पुष्टि किट प्रदान की गईं। वितरण के दौरान, टीम ने लाभार्थियों को किट के सही उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए संतुलित आहार, पर्याप्त स्वच्छ पानी और नियमित स्वास्थ्य निगरानी सहित वैज्ञानिक पशुपालन प्रथाओं को अपनाने की सलाह दी।

<><><><><><><>

सांसद, बिष्णु पद रे ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से डिगलीपुर उप–जिला अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं को तत्काल सुदृढ़ करने और पूरे द्वीपसमूह के सभी चिकित्सा केंद्रों की व्यापक समीक्षा करने का अनुरोध किया है। अपने लिखे पत्र में उन्होंने डिगलीपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के बारे में जानकारी दी है। स्थानीय लोगों को हो रही परेशानियों को देखते हुए सांसद ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप करने और बुनियादी ढांचे की समीक्षा के निर्देश देने व सभी रिक्त चिकित्सा तथा पैरामेडिकल पदों को शीघ्र भरे जाने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

राष्ट्रमंडल खेलों में जूडो में भारत ने पहली बार दो स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। पदक तालिका में भारत 23 पदकों के साथ 10वें स्थान पर है। भारत के खाते में अब पांच स्वर्ण, 12 रजत और छह कांस्य पदक हैं। एथलेटिक्स में नीरज चोपड़ा ने पुरुष भाला फेंक में रजत पदक जीता, जबकि यशवीर सिंह ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। तेजस्विन शंकर ने डेकाथलॉन में कांस्य जीतकर इस स्पर्धा में राष्ट्रमंडल खेलों का पदक जीतने वाले पहले भारतीय बनने का गौरव हासिल किया।

<><><><><><><>

भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से हाल ही में आयोजित 12–दिवसीय 'फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक संतोष साहू ने संकाय सदस्यों को प्रशिक्षण का लाभ उठाकर स्वयं के उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि रोजगार न केवल उन्हें वित्तीय रूप से स्वतंत्र बनाएगा, बल्कि अन्य ग्रामीण युवाओं को भी उद्यमिता अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। इस कार्यक्रम में दक्षिण अंडमान के 24 ग्रामीण युवाओं और महिलाओं ने भाग लिया।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय की राज्य बाल संरक्षण समिति की ओर से गुप्तापाड़ा पंचायत में 'बाल श्रम की रोकथाम और बाल अधिकारों का संरक्षण' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का समन्वय राज्य बाल संरक्षण समिति के कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा नशीली दवाओं की मांग में कमी के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना और यूनीक डिसएबिलिटी आईडी योजनाओं के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर गैर सरकारी संगठन पंख की संस्थापिका ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को सीखने, खेलने, सुरक्षित माहौल में बढ़ने और अपनी पूर्ण क्षमता हासिल करने का अधिकार है। गुप्तापाड़ा पंचायत प्रधान ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम बच्चों की सुरक्षा और एक सुरक्षित समाज के निर्माण में सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करते हैं।

**<><><><><><><>**

**समाचार पत्रों की सुर्खियां**

डीब्रेट में विकसित भारत संकल्प अभियान के लिए नशा मुक्त युवा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आज वर्चुअल रूप से संबोधित करने के समाचार को **द डेली टेलीग्राम** और **द्वीप समाचार** ने अपनी पहली हेडलाइन बनाई है। जिला विधि सेवा प्राधिकरण द्वारा आज विशेष लोक अदालत आयोजित करने के समाचार को **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने जगह दी है। पर्यटन विभाग की ओर से आज चिड़ियाटापू में वर्षावन पक्षी अवलोकन आयोजित करने के समाचार को **इंफो इंडिया** ने, जबकि **द इको ऑफ इंडिया** ने सांसद द्वारा केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री से स्वास्थ्य केन्द्रों की व्यापक समीक्षा करने का अनुरोध किए जाने के समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**<><><><><><><>**